**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *241**
**12 मार्च, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**वस्त्र पार्क**

***241. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:**
**सुश्री सुनीता दुग्गल:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) राज्य-वार स्थापित किए गए/स्थापित किये जाने हेतु प्रस्तावित वस्त्र पार्कों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का विचार अगले तीन वर्षों के दौरान मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अप्पारेल (एमआईटीआरए) (मित्र) पार्कों की कोई योजना आरंभ करने का है;
(ग) यदि हां, तो इसके उद्देश्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके लिए वित्तीय परिव्यय कितना है;
(घ) क्या भारत वस्त्र निर्यात के मामले में अन्य देशों से पिछड़ रहा है और यदि हां, तो इसके क्या कारण है;
(ङ) वस्त्र उद्योग को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धात्मक बनाने, 'प्लग एंड प्ले' सुविधा सहित विश्व स्तरीय अवसंरचना का निर्माण करने तथा बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने और देशभर में रोजगार सृजन को बढ़ाने हेतु वस्त्र उद्योग को सक्षम बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(च) क्या सरकार का विचार कोविड के कारण समाप्त हुई नौकरियों, रद्द हुये क्रयादेशों तथा उत्पन्न हुई वित्तीय संसाधनों की कमी के दृष्टिगत वस्त्र उद्योग को प्रोत्साहन देने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(छ) एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) तथा एमआईटीआरए (मित्र) योजना के अंतर्गत स्थापित किये जाने वाले पार्कों के बीच प्रमुख अंतर क्या है?

**उत्तर**
**वस्त्र मंत्री**
**(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)**

**(क) से (छ):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव और सुश्री सुनीता दुग्गल द्वारा वस्त्र पार्क के संबंध में पूछे गए दिनांक 12.03.2021 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *241 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**(क):** पूर्ण, चालू और रद्द किए गए पार्क की राज्य-वार सूची अनुबंध में दी गई है। एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) के अंतर्गत वेदारणयम तालुक नागपट्टीनम, तमिलनाडु में मैसर्स वेधा अपैरल पार्क की स्थापना करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

**(ख) एवं (ग):** केंद्रीय बजट 2021-22 में यह घोषणा की गई है कि मेगा निवेश वस्त्र पार्क योजना शुरू की जाएगी। यह वस्त्र उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने, बड़ा निवेश आकर्षित करने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में समर्थ बनाएगी। इस योजना के अंतर्गत 3 वर्ष के दौरान देश में 7 मेगा वस्त्र पार्क स्थापित किए जायेंगे। ये मेगा वस्त्र पार्क निर्यात में वैश्विक अग्रणी का स्थापित करने में समर्थ बनायेंगे। प्रस्तावित योजना के लिए मंत्रिमंडल के अनुमोदन की प्रतीक्षा की जा रही है।

**(घ):** जी हां, भारत उन देशों से प्रतिस्पर्धा का सामना करता है जो यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे महत्वपूर्ण बाजार में ड्यूटी रहित सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

**(ड़) एवं (च):** निवेश में वृद्धि करने, रोजगार के अवसर सृजित करने और वस्त्र क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वस्त्र मंत्रालय एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) का क्रियान्वयन कर रहा है ताकि 3 वर्ष की अवधि अर्थात् 01.04.2017 से 31.03.2020 के दौरान देशभर के वस्त्र केंद्रों में विश्वस्तरीय, अत्याधुनिक अवसंरचना वाले वस्त्र पार्कों की स्थापना के लिए सब्सिडी प्रदान की जा सके। इस योजना का विस्तार 31.03.2021 तक किया गया है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य उद्यमियों के समूह को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय और सामाजिक मानकों के अनुरूप अपनी वस्त्र इकाईयों, सामान्य अवसंरचना, कारखाना के भवन, परीक्षण प्रयोगशाला, डिजाइन केंद्र, भंडारण सुविधाओं, कच्ची सामग्री डिपो, पैकेजिंग इकाई, कामगार हॉस्टल और विपणन सहायता प्रणाली (बैकवर्ड/फॉरवर्ड लिंकेज) आदि जैसी सामान्य सुविधाओं के लिए भवन की स्थापना के लिए कलस्टर में अत्याधुनिक अवसंरचनात्मक सुविधाओं की स्थापना करने के लिए उद्यमियों के एक समूह की वित्तीय सहायता प्रदान करना और इस प्रकार वस्त्र क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करना और रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना है। यह योजना उच्च विकास की संभावना के साथ औद्योगिक कलस्टरों और स्थानों को लक्षित करती है। जिन्हें विश्वस्तरीय अवसंरचना सहायता विकसित करने के लिए सामरिक पहलों की आवश्यकता है। इसके अलावा, केंद्रीय बजट 2021-22 में यह घोषणा की गई है कि मेगा निवेश वस्त्र पार्क योजना शुरू की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत 3 वर्ष के दौरान देश में 7 मेगा वस्त्र पार्क स्थापित किए जायेंगे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परिधान क्षेत्र में उत्पादन और रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए एटीयूएफएस के अंतर्गत परिधान इकाईयों के लिए उत्पादन और रोजगार संबद्ध सहायता योजना

(एसपीईएलएसजीयू) को अनुमोदित किया है। परिधान इकाईयों को 10% अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है जो निर्धारित पात्रता वाली मशीनरी की स्थापना करने के लिए एटीयूएफएस के अंतर्गत 15% पूंजी निवेश सब्सिडी (सीआईएस) का लाभ उठाएंगी। इसलिए परिधान इकाईयों में पात्र मशीनों के लिए पूंजी निवेश सब्सिडी की सीमा, जो एटीयूएफएस के अंतर्गत 30 करोड़ रुपए तक सीमित थी, को बढ़ाकर 50 करोड़ रुपए कर दिया गया है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में इकाई द्वारा उल्लिखित 10% की यह अतिरिक्त सब्सिडी अनुमानित उत्पादन और रोजगार सृजन के लक्ष्य प्राप्त कर लेने पर प्रदान की जाएगी।

निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 01 जनवरी, 2021 से वस्त्र और परिधानों सहित सभी निर्यात वस्तुओं के लिए 'आयातित उत्पादों पर ड्यूटी और करों की छूट योजना (आरओडीटीईपी)' नामक एक योजना की घोषणा की है। इसके अलावा, मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पीटीए, एमएमएफ फाइबर और यार्न के निर्यात के लिए एक प्रमुख कच्ची सामग्री, पर पाटनरोधी शुल्क हटा लिया है। सरकार ने एक्रीलिक फाइबर, यार्न और निटवियर उद्योग के लिए कच्ची सामग्री पर भी पाटनरोधी शुल्क हटा लिया है। बाजार पहुंच पहल (एमएआई) योजना के अंतर्गत भी निर्यातकों को सहायता प्रदान की जाती है। सरकार ने वस्त्र क्षेत्र सहित एमएसएमई द्वारा किए गए निर्यात के लिए शिपमेंट पूर्व और पश्च् ऋण के लिए ब्याज समता दर को दिनांक 02.11.2018 से 3% से बढ़ाकर 5% कर दिया है। ब्याज समता योजना के लाभ दिनांक 02.01.2019 से व्यापारी निर्यातकों को प्रदान किए गए हैं जो पूर्व में केवल निर्माता-निर्यातकों तक ही सीमित थी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत की विनिर्माण क्षमता में वृद्धि करने और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 10 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना आत्मनिर्भर भारत को अनुमोदित किया है। वस्त्र उत्पादों : एमएमएफ क्षेत्र तकनीकी वस्त्र को 5 वर्ष की अवधि के दौरान 10,683 करोड़ रुपए के अनुमोदित वित्तीय परिव्यय से 10 प्रमुख क्षेत्रों में शामिल किया गया है। तदनुसार यह मंत्रालय वैश्विक बाजार में पर्याप्त हिस्सेदारी प्राप्त करने के लिए एमएमएफ अपैरल और तकनीकी वस्त्र को बढ़ावा देने के लिए एक योजना तैयार कर रहा है।

**(छ):** एसआईटीपी के अंतर्गत प्रत्येक बार में न्यूनतम 25 एकड़ भूमि होनी चाहिए। पूर्वोत्तर और अन्य विशिष्ट श्रेणी वाले राज्यों के मामले में यह आवश्यकता 10 एकड़ होगी। तथापि, प्रस्तावित मेगा निवेश वस्त्र पार्क योजना, जिसकी रूपरेखा मंत्रिमंडल द्वारा तय की जानी है, के अंतर्गत बड़ी अर्थव्यवस्था और आकार को प्राप्त करने के लिए 1000+ एकड़ भूमि होगी।

**अनुबंध**

प्रचालनशील पार्कों की सूची

| क्र. सं. | पार्क का नाम | राज्य | स्थान | पीएसी के अनुसार स्वीकृत की तारीख | एसआईटीपी के तहत अनुमोदित परियोजना लागत (करोड़ों में) | भारत सरकार का अंशदान (करोड़ में) | भारत सरकार द्वारा जारी कुल अनुदान (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हिंदूपुर व्यापर अपैरल पार्क लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | अनंतपुर | 01.07.2006 | 102.27 | 40.00 | 24.00 |
| 2 | एमएएस फैब्रिक पार्क (इंडिया लिमिटेड) | आंध्र प्रदेश | नेल्लोर | 20.03.2008 | 254.7 | 40.00 | 24.00 |
| 3 | तारकेश्वर | आंध्र प्रदेश | कदलुरु और पद्मावती कंदरिगा गांव, सुल्लुरपेट मंडल, एसपीएसआर नेल्लोर | 24.03.2015 | 103.44 | 40.00 | 15.00 |
| 4 | गुंटूर टेक्सटाइल पार्क, गुंटूर | आंध्र प्रदेश | ग्राम गोपालवारी पालम, मंडल: चिलकलुरुपेट | 20.09.2014 | 105.12 | 40.00 | 10.00 |
| 5 | प्राग ज्योति टेक्सटाइल पार्क, दरांग | असम | सिपाझर, ग्राम भतरोडल, मौजा लोकराई | 20.09.2014 | 47.25 | 40.00 | 12.00 |
| 6 | केजरीवाल इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, गुजरात | गुजरात | सूरत | 13.12.2012 | 110.55 | 40.00 | 29.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | शांति इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, सूरत | गुजरात | ग्राम नवीपार्डी, तह. कामरेज | 20.09.2014 | 104.12 | 40.00 | 8.00 |
| 8 | पलसाना आईटीपी पार्क, सूरत, गुजरात | गुजरात | पलसाना | 20.09.2014 | 103.36 | 40.00 | 20.00 |
| 9 | अमितारा ग्रीन हाई टेक टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | गुजरात | मोजे नाइका | 20.09.2014 | 103.4 | 40.00 | 20.00 |
| 10 | एनएसपी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, सूरत | गुजरात | इच्छापुर | 06.08.2015 | 104.65 | 40.00 | 0.00 |
| 11 | करंज एकीकृत वस्त्र पार्क | गुजरात | मोलवन, तालुका मांगरोल, सूरत जिला | 2.02.2016 | 104.95 | 40.00 | 17.60 |
| 12 | शाहलॉन टेक्सटाइल पार्क | गुजरात | मांगरोल-तालुका | 30.06.2016 | 103.93 | 40.00 | 10.00 |
| 13 | अलीशान इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, पानीपत | हरियाणा | पानीपत | 24.03.2015 | 102.76 | 40.00 | 4.00 |
| 14 | हिमाचल टेक्सटाइल पार्क, हिमाचल | हिमाचल प्रदेश | उपमहल रामनगर, वीपीओ थथल | 08-11-2011 | 96.9 | 38.76 | 34.88 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर वस्त्र पार्क, कठुआ जम्मू | जम्मू और कश्मीर | कठुआ | नवं., 2012 | 44.11 | 39.70 | 35.73 |
| 16 | कश्मीर ऊन और रेशम वस्त्र पार्क, घाटी, जम्मू और कश्मीर | जम्मू और कश्मीर | घट्टी, कठुआ | 20.09.2014 | 48.06 | 40.00 | 0.00 |
| 17 | पूर्णा ग्लोबल टेक्सटाइल्स पार्क लि. | महाराष्ट्र | हिंगोली | 16.05.2008 | 107.29 | 40.00 | 22.03 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | कलप्पना अवाडे टेक्सटाइल पार्क, महाराष्ट्र | महाराष्ट्र | कोल्हापुर | 8.11.2011 | 107.1 | 40.00 | 12.00 |
| 19 | सत्यराज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, शिरोल, कोल्हापुर | महाराष्ट्र | अब्दुल लट और शिवनकवाड़ी, तहसील शिरोल | 15.10.2014 | 104 | 40.00 | 20.00 |
| 20 | धुले टेक्सटाइल पार्क, धुले, महाराष्ट्र | महाराष्ट्र | धुले | 15.10.2014 | 103 | 40.00 | 4.00 |
| 21 | हिंगनघाट टेक्सटाइल पार्क, महाराष्ट्र, विदर्भ | महाराष्ट्र | वर्धा | 24.03.2015 | 108.38 | 40.00 | 16.30 |
| 22 | श्री गणेश, धुले, महाराष्ट्र | महाराष्ट्र | धुले | 24.03.2015 | 104.03 | 40.00 | 4.00 |
| 23 | रिदम टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड, नवांशहर, पंजाब | पंजाब | नवांशहर | 16.05.2008 | 110.73 | 40.00 | 36.00 |
| 24 | लुधियाना इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, लुधियाना, पंजाब | पंजाब | लुधियाना | 18.12.2008 | 116.19 | 40.00 | 36.00 |
| 25 | किशनगढ़ हाई-टेक टेक्सटाइल वीविंग पार्क लिमिटेड, किशनगढ़, राजस्थान | राजस्थान | किशनगढ़ | 01.07.2006 | 110.58 | 40.00 | 36.00 |
| 26 | सिमा टेक्सटाइल प्रोसेसिंग सेंटर, कुड्डलोर, तमिलनाडु | तमिलनाडु | कुड्डालोर | 25.11.2005 | 111.6 | 40.00 | 24.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | कोमारपलायम हाई-टेक वीविंग पार्क लिमिटेड, कोमलारपा-लाइम, तमिलनाडु | तमिलनाडु | कोमारपलायम | 01.07.2006 | 31.33 | 12.53 | 12.54 |
| 28 | पेरारिग्नार अन्ना हैंडलूम सिल्क पार्क, कांचीपुरम | तमिलनाडु | कांचीपुरम | 22-04-2010 | 83.83 | 33.53 | 3.30 |
| 29 | पल्लवड़ा टेक्सटाइल पार्क, तमिलनाडु | तमिलनाडु | गोबी | 08-11-2011 | 106.58 | 40.00 | 4.00 |
| 30 | द ग्रेट इंडियन लिनन एंड टेक्सटाइल इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी, पेरुंडुरई, इरोड | तमिलनाडु | पेरुन्दुरई | 03.02.2006 | 149.45 | 40.00 | 12.00 |
| 31 | व्हाइट गोल्ड टेक्सटाइल पार्क, आंध्र प्रदेश | तेलंगाना | रंगा रेड्डी | नवं, 2012 | 95.99 | 38.40 | 11.52 |
| 32 | ईआईजीएमईएफ परिधान पार्क लिमिटेड, सईद अमीर अली, कोलकाता | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 01.07.2006 | 130.50 | 40.00 | 31.61 |
| 33 | होजरी पार्क, हावड़ा, पश्चिम बंगाल | पश्चिम बंगाल | जगदीशपुर | 16.09.2011 | 70.14 | 28.06 | 25.25 |

पूरे किए गए पार्क की सूची

| क्र. सं. | पार्क का नाम | राज्य | स्थान | पीएसी के अनुसार स्वीकृति की तारीख | एसआईटीपी के तहत अनुमोदित परियोजना लागत (करोड़ों में) | भारत सरकार का अंशदान (करोड़ में) | भारत सरकार द्वारा जारी कुल अनुदान (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्रैंडिक्स इंडिया अपैरल सिटी प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम | 01.07.2006 | 134.42 | 40.00 | 40.00 |
| 2 | गुजरात इको टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, सूरत | गुजरात | सूरत | 25.11.2005 | 128.75 | 40.00 | 40.00 |
| 3 | मुंद्रा एसईजेड टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड, कच्छ, गुजरात | गुजरात | कच्छ | 03.02.2006 | 103.53 | 40.00 | 40.00 |
| 4 | फेयरडील टेक्सटाइल पार्क प्रा. लिमिटेड, सूरत लि. | गुजरात | सूरत | 25.09.2007 | 105.63 | 40.00 | 40.00 |
| 5 | व्रज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, अहमदाबाद | गुजरात | खेड़ा | 01.07.2006 | 105.4 | 40.00 | 40.00 |
| 6 | सयाना टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, सूरत, गुजरात | गुजरात | सूरत | 20.03.2008 | 90.00 | 36.00 | 36.00 |
| 7 | सूरत सुपर यार्न पार्क लिमिटेड, सूरत | गुजरात | सूरत | 01.07.2006 | 104.76 | 40.00 | 40.00 |
| 8 | आरजेडी इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, सूरत, गुजरात | गुजरात | सूरत | 29.05.2008 | 106.5 | 40.00 | 40.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | डोड्डाबल्लापुर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, डोड्डाबल्लापुर | कर्नाटक | डोड्डालपुर | 01.07.2006 | 80.25 | 32.01 | 32.01 |
| 10 | मेट्रो हाई-टेक कोऑपरेटिव पार्क लिमिटेड, इचलकरंजी, महाराष्ट्र | महाराष्ट्र | इचलकरंजी | 25.11.2005 | 100.80 | 40.00 | 40.00 |
| 11 | प्राइड इंडिया कोऑपरेटिव टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, इचलकरंजी, महाराष्ट्र | महाराष्ट्र | इचलकरंजी | 03.02.2006 | 58.19 | 20.95 | 20.95 |
| 12 | बारामती हाई टेक टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, बारामती, महाराष्ट्र | महाराष्ट्र | बारामती | 01.07.2006 | 108.52 | 40.00 | 40.00 |
| 13 | दीसान इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्राइवेट लिमिटेड, धुले, महाराष्ट्र | महाराष्ट्र | एगी | 29.05.2008 | 103.12 | 40.00 | 40.00 |
| 14 | असमीता इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे, महाराष्ट्र। | महाराष्ट्र | भिवंडी | 29.05.2008 | 277.69 | 40.00 | 40.00 |
| 15 | इस्लामपुर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, सांगली, महाराष्ट्र | महाराष्ट्र | पेठ नाका, इस्लामपुर | 16.05.2008 | 102.39 | 40.00 | 40.00 |
| 16 | लातूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, लातूर, महाराष्ट्र | महाराष्ट्र | लातूर | 16.05.2008 | 102.61 | 40.00 | 40.00 |
| 17 | लोटस इंटीग्रेटेड टेक्स पार्क, पंजाब, बरनाला, पंजाब | पंजाब | बरनाला | 05.03.2007 | 110.26 | 40.00 | 40.00 |
| 18 | नेक्स्ट जेन टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, पाली, राजस्थान | राजस्थान | पाली | 21.03.2007 | 101.40 | 40.00 | 40.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | जयपुर इंटीग्रेटेड टेक्सक्राफ्ट पार्क प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर, राजस्थान | राजस्थान | बगरू | 16.05.2008 | 60.15 | 24.06 | 24.06 |
| 20 | पल्लदम हाई-टेक वीविंग पार्क, पल्लदम, तमिलनाडु | तमिलनाडु | पल्लादम | 03.02.2006 | 55.42 | 22.17 | 22.17 |
| 21 | करूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, करूर पार्क, तमिलनाडु | तमिलनाडु | करूर | 21.03.2007 | 116.1 | 40.00 | 40.00 |
| 22 | मदुरै एकीकृत वस्त्र पार्क लिमिटेड, मदुरै, तमिलनाडु | तमिलनाडु | मदुरै | 05.03.2007 | 87.30 | 31.50 | 31.43 |
| 23 | पोचमपल्ली हैंडलूम पार्क लिमिटेड, तेलंगाना | तेलंगाना | पोचमपल्ली | 01.07.2006 | 34.00 | 13.60 | 13.60 |

निरस्त किए गए पार्क की सूची

| क्र.सं. | पार्क का नाम | मंजूरी की तारीख | जीओआई का अनुदान | जीओआई द्वारा जारी | निरस्त करने की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीएलसी टेक्सटाइल पार्क | 2008 | 92.48 | 35.57 | 19.2.2018 |
| 2 | जयपुर कालीन टेक्सटाइल पार्क, राजस्थान | 08.12.2012 | 98.5 | 39.08 | 30.11.2018 |
| 3 | एशियाटिक कॉपरेटिव टेक्सटाइल पार्क, शोलापुर, महाराष्ट्र | 13.12.2012 | 101.03 | 40 | 30.11.2018 |
| 4 | हिममादा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, राजस्थान | 08.11.2011 | 106.98 | 40 | 30.11.2018 |
| 5 | श्रीनाथ इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, भीलवाड़ा, राजस्थान | 08.06.2015 | 101.92 | 40 | 30.11.2018 |
| 6 | गौतम बुद्ध टेक्सटाइल पार्क, आंध्र प्रदेश | 09.11.2014 | 102.91 | 40 | 30.11.2018 |
| 7 | जयपुर टेक्सविविंग पार्क, राजस्थान | 25.11.2005 | 96.81 | 38.72 | 30.11.2018 |
| 8 | गुलबर्गा टेक्सटाइल पार्क, कर्नाटक | 16.09.2011 | 46.39 | 18.56 | 03.12.2019 |
| 9 | इकोटेक्स, उत्तर प्रदेश | 24.03.2015 | 104.14 | 40 | 03.12.2019 |
| 10 | फरुखाबाद एकीकृत वस्त्र पार्क | 02.02.2016 | 104.14 | 40 | 03.12.2019 |

***